**पद** : कार्यक्रम अधिकारी/वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी **पद कोड : PO-09**

**कुल पद** : 02 [दो]

**वेतनमान** : अनुभव और योग्यता के आधार पर कार्यक्रम अधिकारी के लिए समेकित पारिश्रमिक- 60,000 रुपये से 2,10,000/- रुपये और वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी के लिए- 75,000 से 2,40,000/- रुपये प्रति माह।

**अवधि** : यह नियुक्ति 'सेवा के लिए अनुबंध' के आधार पर प्रारम्भ में तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए या परियोजना के साथ सह-समाप्ति, अथवा जो भी पहले हो, के लिए होगी। परियोजना की वर्तमान अवधि जून 2025 तक है। अनुबंध का नवीनीकरण परियोजना के विस्तार या संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर सेवा की निरंतरता की आवश्यकता पर निर्भर करेगा।

**मुख्य उत्तरदायित्व : -**

- एनबीएम-पीएमयू के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदारियां जिनमें शामिल हैं - अपने फोकस क्षेत्र के सभी अनुदानकर्ताओं की निगरानी करना, तकनीकी और वित्तीय दोनों प्रकार के विशेषज्ञों को शामिल करना, परियोजना की समीक्षा के लिए वैज्ञानिक और तकनीकी सलाहकार समूहों के साथ मिलकर काम करना और अनुदान प्रबंधन गतिविधियों का पर्यवेक्षण करना।
- सभी आवश्यक अनुबंधों और समझौतों को तैयार करने के लिए कानूनी और वित्त विभाग के साथ मिलकर काम करना।
- एनबीएम-पीएमयू प्रबंधन में शामिल हितधारकों के साथ समन्वय करना।
- योजना और कार्यान्वयन सहित नवीन एवं वर्तमान में चल रही परियोजनाओं के सभी पहलुओं का प्रशासन और समन्वय करना।
- सभी गतिविधियों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करना।
- अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और कार्यशालाओं सहित अन्वेषकों की बैठकों, संवाद और सलाहकार समूह चर्चा के आयोजन का समर्थन करने के लिए उत्तरदाई।
- वैज्ञानिक विशेषज्ञता के अतिरिक्त, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी को बाइरैक संस्था के मिशन से संबंधित अद्वितीय समस्याओं और प्रश्नों के लिए उत्साह, विनम्रता और आलोचनात्मक सोच का प्रदर्शन भी आवश्यक है।
- अनुदान प्राप्तकर्ताओं और प्रमुख हितधारकों के साथ काम करना और संवाद करना।

**अनिवार्य योग्यता** :
जीवन विज्ञान/जैविक विज्ञान/सूक्ष्म जीव विज्ञान/जैव रसायन/जैव प्रौद्योगिकी में एम.एससी/एम.फार्मा/एमबीबीएस।

**वांछनीय योग्यता** : जीवन विज्ञान/जैव विज्ञान/सूक्ष्म जीव विज्ञान/जैव रसायन/जैव प्रौद्योगिकी में पीएच.डी.।

**अनुभव** :
निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्यक्रम अधिकारी हेतु 2-3 वर्ष एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी हेतु 4-5 वर्ष का अनुभव : -

- वैक्सीन/बायोथेरेप्यूटिक्स विनिर्माण उद्योग।
- वैक्सीन/बायोथेरेप्यूटिक्स अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में नवीन प्लेटफॉर्म प्रौद्योगिकियाँ।
- बायोप्रोडक्ट विकास, वैक्सीन/बायोथेरेप्यूटिक्स/फार्मास्युटिकल कंपनी का विनियामक विभाग।
- प्रतिरक्षाजन्यता या दवा खोज को मापने के लिए बायोएसे विकास।

**आयु सीमा** :
आवेदन की अंतिम तिथि तक कार्यक्रम अधिकारी अधिकतम 30 वर्ष और वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी अधिकतम 35 वर्ष।